



झण्डा दिवस 2025, पुलिस मुख्यालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

पुलिस झण्डा दिवस 2026





राजीव कृष्णा
आई.पी.एस.

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग)
गोमती नगर विस्तार, लखनऊ

दिनांक : नवम्बर 19, 2026

सन्देश

प्रिय साथियों,

23 नवम्बर, उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये गौरवशाली, ऐतिहासिक एवं अतिमहत्वपूर्ण दिन है। शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक, लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है।

आज ही के दिन, 23 नवम्बर, 1952 को तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को उसकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता, अदम्य साहस तथा समर्पित सेवा के लिए 'पुलिस कलर' अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था।

यह गौरव प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य पुलिस बल है। पुलिस ध्वज दिवस केवल एक औपचारिक तिथि नहीं, बल्कि हमारी विरासत, हमारे अनुशासन और हमारे कर्तव्यबोध का जीवंत प्रतीक है, जो हर वर्ष हमें बेहतर से बेहतर सेवा करने की प्रेरणा देता है।

जब हम अपने पुलिस ध्वज को सलामी देते हैं, तब हमारा मस्तक उन असंख्य पुलिस कर्मियों के प्रति भी श्रद्धा से झुकता है, जिनके शौर्य, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा से इस ध्वज ने गौरव प्राप्त किया है।

यह हमारी शौर्यगाथाओं की अमर धरोहर है, जो हमें हर क्षण अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।

पुलिस ध्वज के फहराने और उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें आत्माभिमान की अनुभूति होती है और हम सभी में कर्तव्यनिष्ठा की नई ऊर्जा संचरित होती है, जो हमें नये जोश और उत्साह के साथ कर्तव्यपालन के लिए प्रेरित करती है।

उत्तर प्रदेश पुलिस केवल एक बल ही नहीं है, बल्कि 25 करोड़ उत्तर प्रदेश वासियों का विश्वास है।

माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में वर्ष 2017 से 2 लाख 26 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती ने हमारी इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए नई पीढ़ी तैयार की है।

माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश पुलिस ने –

- कानून व्यवस्था को केवल बनाये रखने तक सीमित न रखकर, उसे एक सशक्त सामाजिक भरोसे में बदला है।
- अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस को अपनी कार्यशैली का मूल मंत्र बनाया है। जघन्य अपराधों और माफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही से लेकर सार्वजनिक जीवन एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले हर छोटे–बड़े अपराध तक एवं साइबर अपराधों तक यह नीति समान दृढ़ता और प्रतिबद्धता के साथ लागू की जा रही है।
- इसी संकल्प के साथ 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के अंतर्गत 1 जुलाई, 2023 से 18 नवंबर, 2026 तक 1 लाख 64 हजार 917 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई है।
- महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तीकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025 में प्रदेश के प्रत्येक थाने में मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित किए हैं। ये केन्द्र महिला पीड़िताओं के लिए एकल सम्पर्क केन्द्र के रूप में कार्य करते हुए शिकायत दर्ज कराने से लेकर विधिक सहायता, काउंसलिंग, संरक्षण एवं पुनर्वास तक समन्वित सहयोग उपलब्ध कराते हैं।
- साइबर अपराध से लड़ाई को जहां एक ओर नं0 1930 के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के हाथों तक पहुंचाया है, वहीं प्रत्येक थाने पर प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों तथा जागरूकता अभियान के माध्यम से इसे जनजागरण का अभिन्न अंग बनाया गया है।
- यातायात प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए तकनीक आधारित RTC (Reducing Traffic Congestion) योजना को लागू किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप मार्च 2026 में UP GATI प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित 16,723 कंजेशन पॉइंट्स अक्टूबर, 2026 में घटकर 6,080 रह गए। इस प्रकार 10,643 कंजेशन पॉइंट्स की कमी अर्थात लगभग 64 प्रतिशत सुधार दर्ज किया गया, जिससे प्रमुख मार्गों पर यातायात की सुगमता और ट्रैफिक फ्लो में उल्लेखनीय सुधार हुआ है ।
- सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से Zero Fatality Districts (ZFD) योजना को लागू किया है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2025 की पहली छमाही की तुलना में वर्ष 2026 की पहली छमाही में सड़क दुर्घटनाओं में 9 प्रतिशत तथा दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु में 10 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई और 800 से अधिक बहुमूल्य मानव जीवन की रक्षा संभव हुई।

न्याय के प्रति हमारी निष्ठा और बदलती चुनौतियों के अनुरूप हमारी तकनीकी दक्षता, दोनों ही ध्वज की प्रतिष्ठा बढ़ाती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित 'यक्ष' ऐप इसी बढ़ते सामर्थ्य का परिचायक है।

आधुनिक तकनीक हमारा सामर्थ्य है, किंतु संवेदनशीलता हमारा संस्कार है। हमारी वर्दी देखकर अपराधी के मन में कानून का भय और नागरिक के हृदय में सुरक्षा का भाव जागृत हो, यही हमारे ध्वज का सबसे बड़ा सम्मान है।

इस सम्मान में हमारे परिवारों का त्याग भी समाहित है। वे अपने हिस्से की अनेक खुशियां इसलिए छोड़ते हैं, ताकि दूसरे परिवार सुरक्षित और प्रसन्न रह सकें। उनके प्रति मैं हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।

कर्तव्यपथ पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर साथियों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। उनके परिवारों के सुख दुःख में सहभागी बनना हमारा दायित्व है।

अपने सेवानिवृत्त साथियों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं, जिनकी सेवाओं से हमारे ध्वज की गौरवशाली विरासत समृद्ध हुई है।

आइये, आज इस ध्वज दिवस पर हम सभी पूरे विश्वास के साथ संकल्प लें कि–

- उत्तर प्रदेश पुलिस को विश्व की सर्वश्रेष्ठ पुलिस बनाने के लिये हम प्रतिदिन, प्रत्येक क्षण पूर्ण ऊर्जा, अटूट विश्वास और उच्चतम व्यावसायिक दक्षता के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे। हमारी इस सतत यात्रा में उत्तर प्रदेश पुलिस का ध्वज ध्रुव तारे के समान हमारे संकल्प, कर्तव्य और लक्ष्य का सदैव स्मरण करायेगा ।
- हमारी शक्ति निर्बल की रक्षा के लिए, हमारा सामर्थ्य अपराध के उन्मूलन के लिए तथा हमारी प्रत्येक कार्यवाही न्याय की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए समर्पित रहेगी।

उ०प्र० पुलिस के मेरे सभी साथियों व सहयोगियों को पुलिस झण्डा दिवस पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

जय हिन्द !

(राजीव कृष्णा)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश